राजस्थान विश्वविद्यालय प्रथम वर्ष परीक्षा परीणाम हेतु अंकतालिकाओं के साथ ऑनलाइन आवेदन अब 30 सितंबर तक।

जयपुर– 21 सितम्बर। राजस्थान विश्वविद्यालय के स्नातक प्रथम वर्ष परीक्षा 2021 के समस्त परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम इस वर्ष छात्र के 10वीं एवं 12वीं कक्षा के परीक्षा मे प्राप्त अंको के आधार पर जारी किया जायेगा। स्नातक प्रथम वर्ष से जुडे छात्र विश्वविद़्यालय की वैबसाइट WWW.univraj.org पर अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के बाद यह आवेदन कर सकेंगें। नियमित परीक्षार्थी अपने संबंधित महाविद्यालय एवं नॉन कॉलिजिएट (स्वंयपाठी) परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार इस संबंध में अपना आवेदन अंतिम तिथि 30 सितम्बर तक कर सकेंगें।

राजस्थान विश्वविद्यालय की वैबसाइट WWW.uniraj.ac.in पर दर्शाये गये निर्देशों के अनुसार यह आवेदन किए जा सकते हैं।

प्रथम वर्ष विधि के लिऐ प्रवेश पूर्व परीक्षा 24 अक्टूबर को।

जयपुर– 21 सितम्बर। राजस्थान विश्वविद्यालय के विधि महाविद्यालयों में तीन वर्षीय विधि पाठ्यक्रम मे प्रवेश के लिऐ प्रवेश पूर्व परीक्षा 24 अक्टूबर को आयोजित की जा रही है।

इस परीक्षा के संयोजक डॉ. जी.एस. राजपुरोहित के अनुसार विश्वविद्यालय में संचालित विधि के महाविद्यालयों के 600 प्रवेश स्थानो के लिये आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा हेतु आवेदन 23 सितंबर से 09 अक्टूबर के मध्य प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी